शहर चलो अभियान 2025 — आज से हेरिटेज निगम में जोन स्तर पर लगेंगे प्री कैम्प

किशनपोल जोन — हवामहल जोन मे आज से, वहीं सिविल लाईन जोन और आदर्श नगर जोन में आठ सितम्बर से लगेंगे प्री कैम्प

निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ निधि पटेल ने दिए प्री केम्प में आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

जयपुर। राज्य सरकार के शहर चलो अभियान 2025 का आगाज 15 सितम्बर से हो रहा है। इससे पहले हेरिटेज निगम की ओर से जोन स्तर पर वार्ड वाइज प्री कैम्प लगाएं जाएंगे। हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने प्री कैम्प को लेकर सभी जोन उपायुक्त को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए है। आयुक्त निधि पटेल ने प्री कैम्पों में आमजन की समस्याओं के अधिक से अधिक निस्तारण के निर्देश भी दिए है। प्री कैम्प का समय सुबह 10 बजे से 5 बजे तक रहेगा।

हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन शहर चलो अभियान 2025 से प्री कैंप आज से

जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि 4 सितंबर को वार्ड 62,66 का कैंप मंडी खटीकान स्थित सामुदायिक केंद्र में लगेगा।
वहीं, 5 सितम्बर को वार्ड 60,61,64 और 65 के कैंप सामुदायिक केंद्र चौकड़ी रामचंद्र जी में, 6 और 8 सितंबर को वार्ड 56,57,58 और 59 के प्री कैंप पुरानी बस्ती गधा पार्क स्थित सामुदायिक केंद्र में, 9 सितम्बर को वार्ड 55,63 और 67 के कैंप सीकर हाउस स्थित वार्ड 63 के पार्षद कार्यालय में, 10 और 11 सितंबर को वार्ड 68,69,70,71 और 72 के कैंप सोखियों के रास्ते स्थित सामुदायिक केंद्र में, 12 और 13 सितंबर को वार्ड 73,74 और 75 के प्री कैंप हल्दीयों के रास्ते स्थित बंजी ठोलीया की धर्मशाला में प्री कैंप लगाएं जाएंगे।
इन प्री कैम्प में आमजन से जुड़े कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

हवामहल आमेर जोन में यहां लगेंगे प्री कैंप

4 सितंबर को वार्ड 1,2 का कैंप आमेर कुंडा के फायर शाखा केंद्र परए वार्ड 3,4 के कैंप लगेंगे जाजोलई की तलाई स्थित तेजाजी मंदिर
5 सितम्बर को वार्ड 5,6,7 के कैंप इंदिरा गांधी सामुदायिक केंद्र पर
6 सितंबर को वार्ड 8,24 का कैंप मोहन नगर सामुदायिक केंद्र और वार्ड 9,27 का कैंप लगेगा हवा महल आमेर जोन कार्यालय में,
8 सितंबर को वार्ड 10,11,12 का कैंप परशुरामद्वारा और 13,14 का कैंप तेजाजी महाराज मंदिर में,
9 सितम्बर को वार्ड 15,16,17 का कैंप इंदिरा गांधी सामुदायिक केंद्र में,
10 सितंबर को वार्ड 18,19,23 का कैंप स्वामी विवेकानंद सामुदायिक केंद्र पर,
11 सितंबर पर वार्ड 20,22 का कैंप शंकर नगर सामुदायिक केंद्र पर,
12 सितम्बर को वार्ड 21,25 का कैंप लगेगा सियाराम धर्मशाला में
13 सितंबर को कैंप वार्ड 26,28,29,30 का महिला पार्क वार्ड 28 में

आदर्श नगर जोन में आठ सितंबर से 12 सितंबर तक चलेगा प्री कैंप

8 सितंबर को वार्ड 90,91,92,93,94 और 95 का कैंप रोटरी सर्किल स्थित आंबेडकर भवन में
9 सितम्बर को 76,77,78 और 83 का कैंप ऋषि गालव नगर स्थित सामुदायिक केंद्र,
10 सितंबर को वार्ड 79,80,81 और 82 का कैंप बैरवा बस्ती सामुदायिक केंद्र,
11 सितंबर को वार्ड 85,86,87,88 और 89 का कैंप लगेगा संजय बाजार स्थित सामुदायिक केंद्र
12 सितंबर को वार्ड 84,96,97,98,99 और 100 का कैंप रोटरी सर्किल स्थित आंबेडकर भवन सामुदायिक केंद्र पर

सिविल लाइन जोन में आठ सितम्बर से लगेगा कैम्प

आठ सितम्बर को वार्ड 31,32 और 33 का कैम्प सिविल लाईन जोन कार्यालय में
नौ सितम्बर को वार्ड 34 से 37 का कैम्प सिविल लाईन जोन कार्यालय में
10 सितम्बर को वार्ड 38 से 41 तक के कैम्प सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक केन्द्र, एनबीसी सब्जी मण्डी के पास
11 सितम्बर को वार्ड 42 से 45 का कैम्प सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक केन्द्र, एनबीसी सब्जी मण्डी के पास
12 सितम्बर को वार्ड 46 से 49 का कैम्प केशव नगर सामुदायिक केन्द्र, हवा सड़क
13 सितम्बर को वार्ड 50 से 54 का कैम्प महिमा पार्क विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास